Towards a new dawn

भारत सरकार

# विकसित भारत के उदीयमान

# बाल प्रतिभा का सम्मान







# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

**26 दिसंबर, 2024**

राष्ट्रपति
भारत गणतंत्र
PRESIDENT
REPUBLIC OF INDIA

**संदेश**

मैं राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के विजेताओं को उनकी अनुकरणीय प्रतिभा, साहस और समर्पण के लिए हार्दिक बधाई देती हूं। ये युवा देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

शिक्षा, कला और संस्कृति, वीरता, खेल, नवाचार और समाज सेवा के क्षेत्र में बच्चों की उपलब्धियों को सम्मानित करने के लिए, मैं महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के प्रयासों की सराहना करती हूँ। ये पुरस्कार बच्चों की असीम क्षमता को विकसित करने की भारत सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। ये उपलब्धियां न केवल व्यक्तिगत उत्कृष्टता को उजागर करती हैं बल्कि उज्ज्वल और समृद्ध भारत के विजन को भी मजबूत करती हैं।

मैं उन माता-पिता, शिक्षकों और मार्गदर्शकों की सराहना करती हूँ जिन्होंने ऐसी उपलब्धि हासिल करने में इनका मार्गदर्शन किया है। आइए हम एक ऐसा वातावरण निर्मित करें जो हर बच्चे के समग्र विकास में सहायक हो। सभी पुरस्कार विजेताओं को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं।

द्रौपदी

(द्रौपदी मुर्मु)

नई दिल्ली
24 दिसम्बर, 2024



राष्ट्रपति
भारत गणतंत्र
PRESIDENT
REPUBLIC OF INDIA

**MESSAGE**

I extend my heartfelt congratulations to the recipients of the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar for their exemplary talent, courage, and dedication. These young achievers are a source of inspiration for the people of the nation.

I appreciate the efforts of the Ministry of Women and Child Development in rewarding the children for their brilliance in the field of academics, art and culture, bravery, sports, innovation, and social service. The awards reflect the commitment of Government of India to nurturing the boundless potential of children. These accomplishments not only highlight individual excellence but also strengthen the vision of a bright and prosperous India.

I commend the parents, teachers, and mentors who have guided these young achievers. Let us together foster an environment that supports the holistic growth of every child. My best wishes to the awardees for their future endeavors.

(Droupadi Murmu)

New Delhi
December 24, 2024



सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री

Prime Minister

**MESSAGE**

Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar is a celebration of the indomitable spirit, exceptional talent and dedication of our young achievers across a diverse array of fields including art and culture, bravery, environmental protection, sports, innovation, science & technology and social service.

Heartiest congratulations to all the award winners of this year's Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar. Their achievements serve as a beacon of inspiration for the entire nation, particularly the younger generations. They showcase the value of courage, creativity, and resilience, the very qualities that are key to the creation of a vibrant and prosperous Bharat.

As these youngsters march ahead on their chosen paths, I am confident that their contribution will further strengthen the nation's resolve to scale greater heights of progress. They exemplify the unmatched potential of our youth and serve as harbingers of innovation, positivity and hope. I strongly urge every youngster to embrace this path in pursuit of their aspirations.

On this momentous occasion, I extend my heartfelt congratulations and best wishes to all the awardees of the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar. Let us applaud these young champions, who are the force-multipliers of the mission of building a *Viksit Bharat*.

Jai Hind!

(Narendra Modi)

New Delhi
अग्रहायण 30, शक संवत् 1946
21 December, 2024



अन्नपूर्णा देवी
ANNPURNA DEVI

सत्यमेव जयते

महिला एवं बाल विकास मंत्री
भारत सरकार
Minister of Women & Child Development
Government of India



## संदेश

प्रधान मंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के विजेता इस बात का उदाहरण हैं कि असाधारण उपलब्धियां उम्र से बंधी नहीं होती हैं, बल्कि दृढ़ संकल्प और सफलता प्राप्त करने के जुनून से प्रेरित होती हैं।

इस क्रम में, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय का उद्देश्य है कि, प्रधान मंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के माध्यम से, कला, विज्ञान, खेल, समाज सेवा और वीरता जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले बच्चों को सम्मानित किया जाये और साथ ही देश के सभी बच्चों को उनके सपनों और आकांक्षाओं की उड़ान भरने का अवसर प्रदान किया जाए।

हमारे बाल विजेता उत्कृष्टता की सच्ची भावना का प्रतीक हैं, उन्होंने ईमानदारी, प्रतिभा, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प का अद्भुत प्रदर्शन किया है। बच्चों में इन गुणों को प्रोत्साहित और विकसित करने के लिए, मैं उनके माता-पिता, शिक्षकों और समुदायों को उनके निरंतर सहयोग और समर्थन के लिए हृदय से धन्यवाद देती हूं।

और उम्मीद करती हूँ कि इन बाल विजेताओं का प्रेरक जीवन आगे आने वाली पीढ़ीयों को भी बड़े सपने देखने व उनको साकार करने के लिए प्रेरित करेगा । मेरी यह आशा है कि हम सभी मिलकर एक ऐसे विकसित भारत का निर्माण करेंगे जहां हमारे बच्चों को अपनी क्षमताओं का विकास करने के भरपूर अवसर प्राप्त होंगे।

जय हिंद!

भवदीया,

(अन्नपूर्णा देवी)

Room No 301, 'A' Wing, Shastri Bhawan, New Delhi 110001, Tel. No. : 011-23071331
E-mail : min-wcd@gov.in



सावित्री ठाकुर
SAVITRI THAKUR

सत्यमेव जयते

महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री
भारत सरकार
Minister of State for
Women & Child Development
Government of India

## आभार संदेश

**प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024** के युवा पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित करना गर्व का क्षण है। इन होनहार बच्चों ने शिक्षा, कला, खेल और सामाजिक सेवा के क्षेत्रों में अपनी उपलब्धियों से **विकसित भारत** के सपने को साकार करने की दिशा में प्रेरणा दी है।

इनकी लगन और सफलता हमें यह सिखाती है कि मेहनत और दृढ़ संकल्प से कोई भी सपना पूरा किया जा सकता है। महिला और बाल विकास मंत्रालय हर बच्चे की प्रतिभा को निखारने और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अवसर प्रदान करने के प्रति समर्पित है।

पुरस्कार विजेताओं को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। आपकी उपलब्धियां न केवल देश को गौरवांवित करती हैं, बल्कि दूसरों को भी प्रेरित करती हैं।

**(सावित्री ठाकुर)**

Office (WCD) : Room No. 756, 'A' Wing, Shastri Bhawan, Dr. Rajendra Prasad Road
New Delhi-110 001, Tel. : 011-23382361-63, E-mail : officeofmos-wcd@gov.in

प्रधानमंत्री

# राष्ट्रीय बाल पुरस्कार


| Category/श्रेणी | Page No./पृष्ठ सं. |
|---|---|
| Art & Culture/कला एवं संस्कृति | 1-5 |
| Bravery/वीरता | 6-8 |
| Innovation/नवाचार | 9 |
| Science & Technology/विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | 10 |
| Sports/खेल | 11-17 |

Art & Culture




# केया हटकर
# Keya Hatkar

14 years | Place : Mumbai, Maharashtra

14 वर्षीय लेखिका और विकलांगता अधिवक्ता केया हटकर ने स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी (एसएमए) की चुनौतियों को पार किया है, जो एक दुर्लभ, अपक्षयी और संभावित रूप से जीवन के लिए खतरा पैदा करने वाली आनुवंशिक स्थिति है। वे 'डांसिंग ऑन माई व्हील्स' और 'आई एम पॉसिबल!' की बेस्टसेलिंग लेखिका हैं। अपनी साहित्यिक उपलब्धियों के अलावा, केया ने गैर-लाभकारी पहल 'आई एम पॉसिबल' और 'एसएमए-एआरटी' की स्थापना की और प्रेरक वार्ताएं की समावेशिता की हिमायत की तथा दिव्यांगता के बारे में जागरूकता बढ़ाई।

केया हटकर को कला और संस्कृति के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है।

---

Keya Hatkar, a 14-year-old author and disability advocate, has overcome the challenges of Spinal Muscular Atrophy (SMA), a rare, degenerative, and potentially life-threatening genetic condition. She is the bestselling author of 'Dancing on My Wheels' and 'I M Possible!'. Beyond her literary achievements, Keya is the founder of the nonprofit initiatives 'I M POSSIBLE' and 'SMA-ART', and delivers inspiring motivational talks, championing inclusivity and raising awareness about disability.

Keya Hatkar is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar for her excellence in the field of Art and Culture.




# अयान सज्जाद
# Ayaan Sajad

12 years | Place : Jammu and Kashmir, Anantnag

कश्मीर के 12 वर्षीय सूफी गायक अयान सज्जाद ने अपने भावपूर्ण कश्मीरी गीतों और नातों के साथ स्थानीय संगीत उद्योग और सोशल मीडिया को विशेष रूप से प्रभावित किया है। उनकी उपलब्धियों में "बेदर्द दाद चाने," "जाने जानान," और "गो क्या मलाल यारस" (2023-2024) जैसे हिट्स के लिए यूट्यूब और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यापक लोकप्रियता हासिल करना शामिल है। अयान के प्रयास उनकी पीढ़ी को कश्मीरी संस्कृति से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

अयान सज्जाद को कला और संस्कृति के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है।

Ayaan Sajad, a 12-year-old Sufi singer from Kashmir, has notably impacted the local music industry and social media with his soulful Kashmiri songs and naats. His achievements include gaining widespread popularity on YouTube and other social media platforms for hits like "Beder Dad Chane," "Jaana Janai," and "Go Kiya Malal Yaaras" (2023-2024). Ayaan's efforts inspire his generation to connect with Kashmiri culture.

Ayaan Sajad is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar for his excellence in the field of Art and Culture.



# जननी नारायणन

# Janane Narayanan

14 years | Place : Tamil Nadu, Chengalpattu

Art & Culture

14 वर्षीय हरिकथा कलाकार और समर्पण भाव से कर्नाटक संगीत सीखने वाली जननी नारायणन ने अपनी कहानी कहने और संगीत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए 100 से अधिक बार तमिल, अंग्रेजी और संस्कृत में प्रस्तुति दी है। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कर्नाटक संगीत और कहानी कहने की प्रतियोगिताओं में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है और सुधार्णव अकादमी की पद्म भूषण पुरस्कार विजेता डॉ. सुधा रघुनाथन उनकी मेंटर (गुरू) हैं। तमिलनाडु सरकार द्वारा कलाई इलमानी पुरस्कार (2023-2024) सहित अनेक प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त कर चुकी हैं।

जननी नारायणन को कला और संस्कृति के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है।

---

Janane Narayanan, a 14-year-old Harikatha artist and dedicated Carnatic music student, has delivered over 100 Tamil, English, and Sanskrit performances, showcasing her storytelling and musical talents. She has secured top positions in national and international Carnatic music and storytelling competitions and is mentored by Padma Bhushan awardee Dr. Sudha Ragunathan at Sudhaarnava Academy. Janane has been Recognized with prestigious honors, including the Kalai Ilamani Award by the Government of Tamil Nadu (2023–2024).

Janane Narayanan is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar for her excellence in the field of Art and Culture.



Art & Culture

# व्यास ओम जिग्नेश
# Vyas Om Jignesh

17 years | Place : Gujarat, Ahmedabad

सेरेब्रल पाल्सी एम आर- 90% से पीड़ित 17 वर्षीय बालक व्यास ओम जिग्नेश को सुंदरकांड और भगवद गीता सहित 5,000 से अधिक संस्कृत श्लोक याद हैं। अपनी चुनौतियों के बावजूद, उन्होंने पूरे भारत में 500 से अधिक स्टेज शो किए हैं और दिव्यांग व्यक्ति के रूप में अपने भक्ति गीत पाठ के लिए रिकॉर्ड बुक में 18 नामांकन प्राप्त किए हैं। ओम को दिव्यांगजन राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है और सांस्कृतिक संरक्षण में योगदान देने वाली उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सम्मानित किया गया है।

व्यास ओम जिग्नेश को कला और संस्कृति के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है।

Vyas Om Jignesh, a 17-year-old boy with cerebral palsy MR-90% has memorized over 5,000 Sanskrit shlokas, including the Sunderkand and Bhagavad Gita. Despite his challenges, he has performed in over 500 stage shows across India and received 18 nominations in record books for his devotional song recitations as a specially-abled individual. Om has been honored with the National Award for Divyangjan and has earned recognition from Hon'ble Prime Minister Narendra Modi for his extraordinary accomplishments and contributions to cultural preservation.

Vyas Om Jignesh is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar for his contribution in the field of Art and Culture.



Art & Culture

# साँची अग्रवाल
# Sanchi Aggarwal

8 years | Place : Uttar Pradesh, Maharajganj

साँची अग्रवाल , एक 8 वर्षीय विलक्षण प्रतिभा हैं। इनकी असाधारण प्रतिभा ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अलग स्थान दिलाया है। कथक, अर्ध-शास्त्रीय नृत्य, शास्त्रीय नृत्य और संस्कृत श्लोकों में उत्कृष्टता हासिल करके इन्होंने इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दो प्रतिष्ठित रिकॉर्ड बनाए हैं: अर्ध-शास्त्रीय नृत्य में 1 मिनट में असाधारण 80 राउंड पूरे करना और केवल 1 मिनट में 13 संस्कृत श्लोकों का त्रुटिरहित पाठ करना। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्मानित, अयोध्या में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा समारोह 2024 और गोरखपुर महोत्सव जैसे ऐतिहासिक कार्यक्रमों में उनके विस्मयकारी प्रदर्शन ने दर्शकों को मोहित कर लिया और एक स्थायी छाप छोड़ी।

साँची अग्रवाल को कला और संस्कृति के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है।

Sanchi Aggarwal, is a remarkable 8-year-old prodigy whose exceptional talent has set her apart on a national scale. Excelling in Kathak, semi-classical dance, Shastri dance, and Sanskrit shlokas, she holds two prestigious records in the International Book of Records: completing an extraordinary 80 rounds in 1 minute in semi-classical dance and flawlessly reciting 13 Sanskrit shlokas in just 1 minute. Honored by Uttar Pradesh CM Shri Yogi Adityanath, her awe-inspiring performances at landmark events such as the Shri Ram Pran Pratishtha Ceremony 2024 in Ayodhya and the Gorakhpur Mahotsav have captivated audiences and left an enduring impression.

Sanchi Aggarwal is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar for her excellence in the field of Art and Culture.

Bravery



# किसेन वानियांग
# Kisen Wanniang

15 years | Place : Meghalaya, South West Khasi Hills

मावलंगवीर गांव के 15 वर्षीय किसेन वानियांग ने भारी बारिश के दौरान मावेत्कसर नदी से 9 से 12 वर्ष की आयु के चार बच्चों को बचाकर असाधारण वीरता का परिचय दिया। घरेलू मजदूर के रूप में काम करने वाली एकल मां का बेटा किसेन नदी के किनारे कपड़े धो रहा था तभी उसने मदद के लिए बच्चों के रोने की आवाज सुनी। बिना किसी हिचकिचाहट के और अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना वह नदी में कूद गया और बहादुरी से एक-एक करके प्रत्येक बच्चे को बचाया।

किसेन वानियांग को बहादुरी के क्षेत्र में उनके अनुकरणीय साहस के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है।

15-year-old Kisen Wanniang from Mawlangwir village displayed extraordinary bravery by rescuing four children, aged 9 to 12, from the Maweitksar River during heavy rains. The son of a single mother working as a domestic laborer, Kisen was washing clothes by the river when he heard the children's cries for help. Without hesitation and disregarding his own safety, he plunged into the river and courageously saved each child.

Kisen Wanniang is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar for his exemplary courage in the field of Bravery.



Bravery

# सौरभ कुमार
# Saurav Kumar

9 years | Place : Bihar, Sheikhpura

9 वर्ष के साहसी सौरभ कुमार ने तीन छोटी बालिकाओं मुस्कान, मेहर और प्रीति कुमारी को तालाब में डूबने से बचाकर उल्लेखनीय वीरता का परिचय दिया। मदद के लिए उनकी हताश चीखें सुनकर सौरभ निडर होकर पानी में कूद गया और अपनी उम्र से परे असाधारण सूझबूझ और निस्वार्थता का परिचय देते हुए उनकी जान बचाई। शेखपुरा की आईएएस जिला अधिकारी जे प्रियदर्शिनी ने उनके वीरतापूर्ण कार्य को प्रशस्ति पत्र देकर मान्यता दी। सौरभ का अविश्वसनीय साहस और जीवनरक्षक प्रयास न केवल उनके असाधारण चरित्र को उजागर करते हैं बल्कि पूरे देश के लिए वीरता और मानवता के एक प्रेरक उदाहरण के रूप में भी काम करते हैं।

सौरभ कुमार को वीरता के क्षेत्र में उनके असाधारण साहस के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है।

Saurav Kumar, a courageous 9-year-old, displayed remarkable bravery by rescuing three young girls—Muskan, Mehar, and Preeti Kumari—from drowning in a pond. Upon hearing their desperate cries for help, Saurav fearlessly jumped into the water and saved their lives, showcasing extraordinary presence of mind and selflessness beyond his years. His heroic act was recognized with an appreciation certificate from J Priyadharshini, IAS District Officer of Sheikhpura. Saurav's incredible courage and life-saving efforts not only highlight his exceptional character but also serve as an inspiring example of valor and humanity for the entire nation.

Saurav Kumar is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar for his exceptional courage in the field of Bravery.



# करीना थापा
# Karina Thapa

17 years | Place : Maharashtra, Amravati

Bravery

17 वर्षीय बालिका करीना थापा ने भीषण आग से 36 फ्लैट निवासियों को बचाकर उल्लेखनीय साहस का परिचय दिया। बचाव के दौरान, इन्होंने आग से एक खतरनाक गैस सिलेंडर को तेजी से हटाकर, निवासियों के जीवन को बचाकर एक संभावित आपदा को रोका। उन्हें नगर निगम आयुक्त (2024) द्वारा फायर ब्रांड एंबेसडर के रूप में मान्यता दी गई थी। उनकी त्वरित सोच और बहादुरी ने लोगों की जान बचाई और उनकी बुद्धिमत्ता का उदाहरण दिया।

करीना थापा को बहादुरी के क्षेत्र में उनके साहसी कार्य के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है।

Karina Thapa, a 17-year-old girl, demonstrated remarkable courage by rescuing 36 flat residents from a severe fire. During the rescue, she prevented a potential disaster by swiftly removing a gas cylinder from the scene of the fire, securing the lives of the residents. She was recognized as a Fire Brand Ambassador by the Municipal Corporation Commissioner (2024). Her quick thinking and bravery saved many lives and exemplify her presence of mind.

Karina Thapa is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar for her courageous act in the field of Bravery.

Innovation



# सिंधूरा राजा
# Sindhoora Raja

15 years | Place : Karnataka, Dakshina Kannada

15 वर्षीय सिंधूरा राजा के अभिनव योगदान, जिसमें पार्किंसंस रोगियों के लिए सेल्फ-स्टेबिलाइजिंग डिवाइसेस और किफायती प्रोस्थेटिक्स शामिल हैं, प्रौद्योगिकी के माध्यम से जीवन को बेहतर बनाने के प्रति उनके समर्पण को दर्शाते हैं। उन्होंने अटल टिंकरिंग लेबोरेटरी (एटीएल) मैराथन, एआईएम के प्रमुख नवाचार कार्यक्रम (2022-23) में शीर्ष 100 टीमों में भाग लिया है। उनकी अंतरराष्ट्रीय प्रशंसा और प्रतिष्ठित फैलोशिप स्वास्थ्य देखभाल और नवाचार में उनके उत्कृष्ट प्रभाव को रेखांकित करती है। इनके द्वारा किए गए अभिनव योगदान ने संकट में बड़ी संख्या में लोगों के जीवन को प्रभावित किया है।

सिंधूरा राजा को नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है।

15-year-old Sindhoora Raja's innovative contributions, including self-stabilizing devices for Parkinson's patients and affordable prosthetics, showcase her dedication to improving lives through technology. She has participated in Top 100 teams at Atal Tinkering Laboratory (ATL) Marathon, AIM's flagship innovation program (2022-23). Her international accolades and prestigious fellowships underscore her outstanding impact in healthcare and innovation. Her innovative contributions have impacted the life of a large number of people in distress.

Sindhoora Raja is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar for her excellence in the field of Innovation.



Science & Technology

# ऋषिक कुमार
# Risheek Kumar

17 years | Place : Jammu and Kashmir, Samba

17 वर्षीय साइबर सुरक्षा उद्यमी ऋषिक कुमार ने जम्मू-कश्मीर की पहली साइबर सुरक्षा कंपनी "हैकर्स पाठशाला" की स्थापना की है। इन्होंने शेरे-ए-कश्मीर पुलिस अकादमी के सैकड़ों पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षित किया। साइबर सुरक्षा जागरूकता में 5,000 से अधिक छात्रों को प्रशिक्षण दिया और "हैक फ्री भारत" पहल शुरू की है।

इसके अतिरिक्त, ऋषिक ने भारतीय सांस्कृतिक प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए "प्रार्थना" मोबाइल ऐप विकसित किया, जिसे माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से सकारात्मक मान्यता मिली है।

ऋषिक कुमार को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है।

Risheek Kumar, a 17-year-old cybersecurity entrepreneur, founded "Hackers Patshala," Jammu and Kashmir's first cybersecurity company and he educated hundreds of police officers at Sher-i-Kashmir Police academy. He has also trained over 5,000 students in cybersecurity awareness and launched the "Hack Free Bharat" initiative. Additionally, Risheek developed the "Prarthana" mobile app to promote Indian cultural practices, which has received positive recognition from Hon'ble Prime Minister Narendra Modi.

Risheek Kumar is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar for his achievements in the field of Science & Technology.



# हेमबती नाग

# Hembati Nag

15 years | Place : Chhattisgarh, Kondagaon

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कोंडागांव जिले की 15 वर्षीय जूडो खिलाड़ी हेमबती नाग दृढ़ता और दृढ़ संकल्प की प्रतीक हैं। आईटीबीपी की 41वीं बटालियन द्वारा 2020 से प्रशिक्षित किए जाने के बाद से, उन्होंने खेल में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए कई चुनौतियों को पार किया है, 2022 में तीसरे खेलो इंडिया नेशनल गेम्स में रजत पदक सहित कई पुरस्कार अर्जित किए हैं। उनकी यात्रा वंचित क्षेत्रों में आशा और अवसर प्रदान करने में खेल की परिवर्तनकारी शक्ति को उजागर करती है, जो देश भर के युवा एथलीटों को प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती है।

हेमबती नाग को खेल के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है।

Hembati Nag, a 15-year-old Judo player from the Naxal-affected Kondagaon district in Chhattisgarh, embodies resilience and determination. Trained by the ITBP's 41st Battalion since 2020, she has overcome numerous challenges to excel in the sport, earning several accolades, including a Silver Medal at the 3rd Khelo India National Games in 2022. Her journey highlights the transformative power of sports in providing hope and opportunities in underprivileged regions, inspiring young athletes nationwide to achieve success despite adversity.

Hembati Nag is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar for her excellence in the field of Sports.



# प्रितस्मिता भोई
# Priteesmita Bhoi

15 years | Place : Odisha, Dhenkanal

15 वर्षीय भारोत्तोलक प्रितस्मिता भोई ने क्लीन एंड जर्क श्रेणी में विश्व रिकॉर्ड बनाने वाली पहली भारतीय के रूप में इतिहास रचा। उन्होंने 2024 में आईडब्ल्यूएफ वर्ल्ड यूथ चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता और 76 किलो ग्राम भार उठाकर एक नया युवा विश्व रिकॉर्ड बनाया। प्रीतिस्मिता ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स और आईडब्ल्यूएलएफ नेशनल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में रजत पदक भी जीता।

प्रितस्मिता भोई को खेल के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है।

Priteesmita Bhoi, a 15-year-old weightlifter, made history as the first Indian to set a world record in the clean and jerk category. She won a gold medal at the IWF World Youth Championships in 2024, setting a new youth world record with a 76kg lift. Priteesmita also earned silver medals at the Khelo India Youth Games and the IWLF National Weightlifting Championships.

Priteesmita Bhoi is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar for her excellence in the field of Sports.



Sports

# सानवी सूद
# Saanvi Sood

9 years | Place : Punjab, Rupnagar

एक 9 वर्षीय असाधारण पर्वतारोही सानवी सूद ने कम उम्र में उल्लेखनीय दृढ़ संकल्प और कौशल का परिचय देते हुए असाधारण उपलब्धियां हासिल की है। 8 वर्ष की उम्र तक, इन्होंने दुनिया की कुछ सबसे चुनौतीपूर्ण चोटियों पर विजय प्राप्त कर ली थी, जिनमें माउंट एल्ब्रस, माउंट कोसियसको और माउंट दमावंद शामिल हैं। सानवी ने माउंट किलिमंजारो को फतह करने वाली सबसे कम उम्र की एशियाई लड़की और माउंट एवरेस्ट बेस कैंप तक पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय लड़की के रूप में इतिहास रचा। पर्वतारोहण में उनकी अद्वितीय उपलब्धियां, दृढ़ता, साहस और अडिग भावना को दर्शाती हैं, जो अनगिनत युवा साहसी लोगों को प्रेरित करती हैं।

सानवी सूद को खेल के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है।

Saanvi Sood, an extraordinary 9-year-old mountaineering prodigy, has achieved exceptional milestones, showcasing her remarkable determination and skill at a young age. By the age of 8, she had already conquered some of the world's most challenging peaks, including Mount Elbrus, Mount Kosciuszko, and Mount Damavand. Saanvi made history as the youngest Asian girl to summit Mount Kilimanjaro and the youngest Indian girl to reach the Mount Everest Base Camp. Her unparalleled achievements in mountaineering exemplify resilience, courage, and an unyielding spirit, inspiring countless young adventurers.

Saanvi Sood is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar for her excellence in the field of Sports.




# जेस्सी राज मथरापु
# Jessy Raj Mathrapu

14 years | Place : Andhra Pradesh, Guntur

Sports

विलक्षण प्रतिभासंपन्न 14 वर्षीय एक अभूतपूर्व स्केटिंग खिलाड़ी जेस्सी राज मथरापु ने कलात्मक स्केटिंग के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धियां हासिल की हैं, जिसके फलस्वरूप भारत की सबसे प्रतिभाशाली प्रतिभाओं में अपना स्थान बनाया है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर, उन्होंने प्रतिष्ठित विश्व स्केट ओशिनिया कलात्मक चैम्पियनशिप में 31.98 अंकों के प्रभावशाली स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। राष्ट्रीय स्तर पर, 59वीं राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिताओं में उनका दबदबा रहा और लगातार तीन वर्षों (2021-2023) तक शीर्ष स्थान प्राप्त किया। क्षेत्रीय स्तर पर, उन्होंने पूर्वी गोदावरी जिले (2023) में राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण और कांस्य पदक अर्जित किए। अंतरराष्ट्रीय स्तर से लेकर राष्ट्रीय और जिला स्तर पर 43 पदकों के विस्मयकारी संग्रह के साथ, उनकी असाधारण उपलब्धियों को तेलंगाना के राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया है।

जेस्सी राज मथरापु को खेल के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है।

Jessy Raj Mathrapu, a phenomenal 14-year-old skating prodigy, has achieved extraordinary milestones in the field of artistic skating, earning her rightful place among India's brightest talents. On the international stage, she clinched a Gold medal with an impressive score of 31.98 points at the prestigious World Skate Oceania Artistic Championship. Nationally, she dominated the 59th national-level competitions, securing top positions for three consecutive years (2021–2023). At the regional level, she earned Gold and Bronze medals in state-level competitions in East Godavari district (2023). With an awe-inspiring collection of 43 medals spanning international, national, and district levels, her exceptional achievements have been celebrated by the Governor of Telangana.

Jessy Raj Mathrapu is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar for her excellence in the field of Sports.



# गोल्डी कुमारी
# Goldi Kumari

16 years | Place : Bihar, Patna

16 वर्षीय दिव्यांग शॉटपुट खिलाड़ी गोल्डी कुमारी ने कई राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया है और कई पुरस्कार प्राप्त किए हैं। उन्होंने भारतीय पैरालंपिक समिति (2024) द्वारा आयोजित 13वीं जूनियर और सब जूनियर राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दूसरा स्थान प्राप्त किया। गोल्डी ने कई क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, 24 वीं बिहार राज्य पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भालाफेंक में प्रथम स्थान हासिल किया है, भारत की पैरालंपिक समिति द्वारा आयोजित 12 वीं राष्ट्रीय जूनियर और सब जूनियर पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में एथलेटिक्स में पहला स्थान हासिल किया है, और पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 13 वीं जूनियर और सब जूनियर नेशनल पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में डिस्कस थ्रो में पहला स्थान हासिल किया है।

गोल्डी कुमारी को खेल के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है।

Goldi Kumari, a 16-year-old Divyang shotput player, has participated in several national and state-level competitions, earning numerous accolades. She secured 2nd position at the 13th Junior and Sub Junior National Para Athletics Championship organized by the Paralympic Committee of India (2024). Goldi has also excelled in multiple fields, securing 1st position in Javelin at the 24th Bihar State Para Athletics Championship, 1st position in Athletics at the 12th National Junior & Sub Junior Para Athletics Championship by the Paralympic Committee of India, and 1st position in Discus Throw at the 13th Junior and Sub Junior National Para Athletics Championship by the Paralympic Committee of India.

Goldi Kumari is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar for her outstanding contribution in the field of Sports.




Sports

# आरव भारद्वाज
# Arav Bhardwaj

12 years | Place : New Delhi, West

12 वर्षीय साइकिल चालक आरव भारद्वाज ने अपनी असाधारण साइकिल यात्राओं के माध्यम से उल्लेखनीय साहस और देशभक्ति का परिचय दिया है। 2024 में, इन्होंने कारगिल विजय दिवस मनाने के लिए कारगिल युद्ध स्मारक से इंडिया गेट तक 1,251 किलोमीटर की यात्रा पूरी की। 2022 में, केवल 10 वर्ष की उम्र में, इन्होंने सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती और आजादी का अमृत महोत्सव का सम्मान करते हुए मणिपुर में आईएनए मेमोरियल से दिल्ली तक 2,612 किलोमीटर की साइकिल यात्रा की। भारत के नायकों को याद करने के लिए उनका समर्पण और इतनी कम उम्र में उनकी शारीरिक सहनशक्ति कई लोगों के लिए प्रेरणा है।

आरव भारद्वाज को खेल के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है।

Arav Bhardwaj, a 12-year-old cyclist, has demonstrated remarkable courage and patriotism through his extraordinary cycling yatras. In 2024, he completed a 1,251 km journey from the Kargil War Memorial to India Gate to commemorate Kargil Vijay Divas. In 2022, at just 10 years old, he undertook a 2,612 km ride from the INA Memorial in Manipur to Delhi, honouring Subhas Chandra Bose's 125th birth anniversary and Azadi Ka Amrit Mahotsav. His dedication to commemorating India's heroes and his physical endurance at such a young age is an inspiration for many.

Arav Bhardwaj is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar for his excellence in the field of Sports.



# अनीश सरकार
# Anish Sarkar

3+ years | Place : West Bengal, Kolkata

विलक्षण प्रतिभासंपन्न 3+ वर्षीय शतरंज खिलाड़ी अनीश सरकार ने 1,555 की प्रभावशाली रेटिंग के साथ दुनिया के सबसे कम उम्र के एफआईडीई-रैंक वाले खिलाड़ी के रूप में इतिहास रच दिया है। बेजोड़ क्षमता का प्रदर्शन करते हुए, इन्होंने राज्य अंडर-9 टूर्नामेंट में शुरुआत की, 8 में से 5.5 अंकों का उत्कृष्ट स्कोर हासिल किया और इस प्रक्रिया में दो रेटेड विरोधियों को हराकर 24 वां स्थान प्राप्त किया। प्रसिद्ध भारतीय ग्रैंडमास्टर दिब्येंदु बरुआ के मार्गदर्शन में, इतनी कम उम्र में अनीश की उपलब्धियां उनके असाधारण कौशल, लगन और प्रतिबद्धता के प्रमाण हैं। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शतरंज की दुनिया में इनका उल्लेखनीय योगदान इन्हें प्रतिभा और प्रेरणा का एक युवा प्रकाशस्तंभ (बीकन) बनाता है।

अनीश सरकार को खेल के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है।

---

Anish Sarkar, an extraordinary 3+ year old chess prodigy, has made history as the youngest FIDE-ranked player in the world with an impressive rating of 1,555. Demonstrating unmatched potential, he debuted at the state Under-9 tournament, achieving an outstanding score of 5.5 out of 8 points and securing the 24th position, defeating two rated opponents in the process. Under the guidance of renowned Indian Grandmaster Dibyendu Barua, Anish's achievements at such a tender age are a testament to his exceptional skill, focus, and promise. His remarkable contributions to the world of chess at the national and international level make him a young beacon of talent and inspiration.

Anish Sarkar is being awarded the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar for his excellence in the field of Sports.

प्रधानमंत्री
# राष्ट्रीय बाल पुरस्कार
26 दिसंबर, 2024

PRADHAN MANTRI
# RASHTRIYA BAL PURASKAR
26 December, 2024